NIKSHPAKSH PRATIDIN, LUCKNOW
Thursday, October 10, 2013

मंत्री ने किया होनहार छात्रों को सम्मानित

प्रतिदिन संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विभिन्न विद्यालयों से 1300 से भी अधिक छात्रों ने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में बुधवार आयोजित टीसीएसआई टी विज में भाग लिया। देश के सबसे बड़े क्विज- टी.सी. एस. आई टी विज का आयोजन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) भारत का नम्बर एक आईटी सेवाएं, बिजनेस सॉल्यूशन एवं आउटसोर्सिंग फर्म द्वारा किया गया। लखनऊ के अलावा इलाहाबाद, देहरादून, कानपुर, नैनीताल सहित उत्तरप्रदेश एंव उत्तराखण्ड के विभिन्न शहरों में स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें छः स्कूल क्षेत्रीय फाइनल में पहुंचे। जिसमें एल.पी.एस. लविस पाण्डे व वरून सिंह ने प्रतिद्वंदी अंकित व मो हमजा को हरा कर विजयी हुये।